एक नजर

सरस्वती शिशु मंदिर चापोरा में सप्तशक्ति संगम

शाहपुर। जिले के ग्राम चापोरा के सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में दिनांक शुक्रवार शाम को आयोजीत कार्यक्रम में नवयुग का नव विचार आया यह गीत लिया गया अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन किया गया वंदना ली गई अतिथि परिचय आशा दीदी द्वारा किया गया स्वागत संगीता दीदी द्वारा किया गया प्रस्तावना श्रीमती रेखा सावले द्वारा रखी गई। समूह गीत लिया गया श्रीमती संगीता महाजन द्वारा कुटुम्ब प्रबोधन एवम् पर्यावरण के संबंध में भारतीय दृष्टि इस विषय पर चर्चा कि गई अतिथियो द्वारा प्रश्नोत्तरी लिगई जिसमे जिन माताओं ने सही उत्तर दिया उन्हें सम्मानित किया गया प्रेरणायि महिलाओं के संदेश एवम् विभिन्न वेशभूषा में बहनों द्वारा झाकियां बनाई गई भारत के विकास मे महिलाओं कि भुमिका इस विषय पर श्रीमति राजेश्वरी सुगंधी दीदी द्वारा प्रकाश डाला गया कार्यक्रम में ग्राम चापोरा में संयुक्त परिवार में रह रहा परिवार से श्रीमति यमुना बाई येवले को सम्मानित किया गया नेवी में कार्यरत भैया महेंद्र माली कि माताजी को सम्मानित किया गया भैया पंकज कापसे नेवी में कार्यरत इनकी माताजी माया कापसे को सम्मानित किया गया मिल्ट्री से भैया विशाल गाढ़े कि माताजी को सम्मानित किया गया अनुभव कथन गायत्री जैनकार किया गया अध्यक्षीय उद्बोधन श्रीमती अनुपमा मोरे द्वारा हुआ संगीता दीदी द्वारा आभार व्यक्त किया गया। संकल्प श्रीमती अल्का तिवारी द्वारा दिया गया । अध्यक्ष श्रीमती अनुपमा मोरे, मुख्य वक्ता श्रीमती जया शाह,सहसंयोजी का नारी सप्तशक्ति श्रीमती संगीता महाजन, मुख्य अतिथी श्रीमती राजेश्वरी सुगंधी बुरहानपुर, विशेष अतिथि श्रीमती रेखा सावले,श्रीमती अलका तिवारी उपस्थित रहे। सरस्वती शिशु मंदिर चापोरा को ग्राम धामनगांव निवासी रामदास खीर्डीकर की ओर से 55 इंच एल ई डी स्मार्ट टी वी दी गई श्री किरण पाटील धामनगांव कि ओर से 21 सौ रुपए दिए गए एवं श्रीमति जशोदा बाई महाजन द्वारा 21 सौ रूपये दिए गए। अन्त में विसर्जन मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का संचालन भाग्यश्री दीदी द्वारा किया गया, स्वागत गीत रेणुका दीदी एवम् अश्विनी दीदी ने किया कार्यक्रम की जानकारी दिव्यानी गवले द्वारा दी गई।

एसआईआर के काम में लापरवाही पर नोटिस

नेपानगर। एसडीएम व ईआरओ नेपानगर विधानसभा भागीरथ वाखला ने शनिवार को दो बीएलओ शिक्षक और एक बीएलओ सुपरवाइजर को कारण बताओ नोटिस जारी किए हैं। बीएलओ सुपरवाइजर दिनेष सोलंकी कलेक्टर द्वारा 21 नवंबर को रखी गई वीसी में अनुपस्थित थे। अधिनस्थ बीएलओ का डिजिटाइज्ड का काम संतोषजनक नहीं मिला। प्राथमिक शिक्षक व बीएलओ सतीष वाकोड़े ने भी मात्र 31.51 फीसदी काम ही पूरा किया। इसी तरह बीएलओ शिक्षक तरूणा निंबालकर ने भी एसआईआर काम पूरा करने में लापरवाही बरती। तीनों को कारण बताओ नोटिस जारी कर 23 नवंबर तक प्रोग्रेस 60 फीसदी तक करके देने को कहा गया हैए नहीं तो उनके खिलाफकलेक्टर को प्रस्ताव बनाकर भेजा जाकर निलंबित कराया जाएगा। वहीं 23 नवंबर को विधानसभा के सभी 306 मतदान केंद्रों पर विशेष कैंप भी आयोजित किए जाएंगे।

नवलसिंह शक्कर कारखाना पिराई सत्र का शुभारम्भ 25 नवंबर को

बुरहानपुर। नवलसिंह सहकारी शक्कर कारखाना झिरी नवलनगर बुरहानपुर म.प्र.का पिराई सत्र 2025.2028 का शुभारंभ दिनांक 25/11/2025 मंगलवार को प्रात: 11.30 बजे श्री हर्ष सिंह कलेक्टर एवं प्रशासक नवलकॉप नवलनगर के द्वारा होना निश्चित है। इस अवसर पर कारखाना प्रबंधन द्वारा समस्त गन्ना उत्पादक कृषकों को सूचनार्थ प्रेषित किया जाता है।

जंतर मंतर दिल्ली में जंगी धरना प्रदर्शन 25 को

बुरहानपुर। नेशनल मूवमेंट ऑफ ओल्ड पेंशन स्कीम के प्रांतीय संयोजक, प्रदेश मंडी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष एवं कर्मचारी कांग्रेस के महामंत्री ठाकुर संतोष सिंह दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि पुरानी पेंशन बहाली के लिए 25 नवंबर 2025 को दिल्ली में जंतर मंतर पर देश के विभिन्न राज्यों से लाखों कर्मचारी अधिकारी अपनी पुरानी पेंशन के अधिकार के लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय बंधु जी के नेतृत्व में पहुंचेंगे मध्य प्रदेश के अध्यक्ष परमानंद डेहरिया के नेतृत्व में कर्मचारियों को एकजुट किया जा रहा है जंतर मंतर पर पुरानी पेंशन बहाली निजीकरण, आरटीई, के पहले टेईट की अनिवार्यता समाप्त करने के मुद्दों को लेकर दिल्ली में संवैधानिक महारैली का आयोजन किया गया है । संयुक्त मोर्चा के जिला अध्यक्ष डॉक्टर अशफाक खान, नेशनल मूवमेंट के जिला अध्यक्ष अनिल बाविस्कर, श्रीमती प्रमिला सगरे, जिला संयोजक विजय राठौड़, कल्पना पवार, शिक्षक कांग्रेस के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र चौकसे, मंडी कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सदानंद कापसे ने बताया कि भारत सरकार ने2004मैं नेशनल पेंशन स्कीम केंद्रीय कर्मचारियों एवं 2005 में सभी राज्यों ने लागू किया जिसका विरोध राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय कुमार बंधु जी के नेतृत्व में विगत 15 वर्षों से चल रहा है जिसके दबाव में आकर भारत सरकार ने 24 अगस्त 2024 को यूनिफाइड पेंशन स्कीम घोषणा कर 1 जनवरी 2025 से केंद्रीय कर्मचारियों पर लागू किया।

डाभियाखेड़ा में आयोजित हुआ सप्तशक्ति संगम

नेपानगर। गुरूवार को क्षेत्र के ग्राम डाभियाखेड़ा में तासी ग्राम भारती समिति की ओर से संचालित सरस्वती शिशु मंदिर में सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम हुआ। मुख्य वक्ता के बतौर सरस्वती शिशु मंदिर की आचार्य रमा पवार मौजूद थीं। मुख्य अतिथि नेपा थाना प्रभारी ज्ञानू जायसवालए विशेष अतिथि वन विभाग डाभियाखेड़ा की राखी सिंह थी जबकि अध्यक्षता पंचायत सचिव कृष्णा गजानन यादव मझगांव ने की। इस दौरान वक्ताओं ने अपने विचार व्यक्त किए। अतिथि परिचय रूपाली दीदी ने दिया। अतिथि स्वागत विद्यालय की दीदीयों द रेशमा जगतापए सपना राठौड़ए अंजू जमानेकर ने किया। संचालन रूपाली मांडव ने किया। आभार रूपाली कोल्हे ने माना। इस दौरान हुई प्रश्नोत्तरी में माताओ ने विशेष रुचि दिखाई। सही उत्तर देने वाली माताओं को पुरस्कृत किया गया। विशेष माताओं का सम्मान रुमाल व श्रीफल देकर किया गया।

भाजपा कार्यकर्ता एसआईआर कार्य को प्राथमिकता से करें : संभाग प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी सुरेन्द्र जी शर्मा अपने एक दिवसीय प्रवास पर दिनांक 22 नवंबर 2025 शनिवार को कार द्वारा बुरहानपुर पहुचे। जिला कार्यालय पर भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने,सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस,नेपानगर विधायक मंजु दादु,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल सहित भाजपा नेताओं,कार्यकर्ताओं ने उनका तिलक लगाकर,भाजपा अंगवस्त्र पहनाकर,पुष्पहार द्वारा शानदार स्वागत किया। आपने सर्वप्रथम भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री श्रद्धेय अटल बिहारी वाजपेयी जी की समाधी स्थल पर श्रध्दासुमन अर्पित किए।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी सुरेन्द्र जी शर्मा जी सुबह ग्राम लोनी में भाजपा के वरिष्ठ नेता मनोहर चौधरी जी के निवास पर बुथ क्रमांक 46 की बुथ बैठक में शामील हुवें ।यहां आपने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुवें कहा कि विशेष गहन पुनरिक्षण 2025 का मतलब उसके अपने शब्द में ही निहत है ,इसे कार्यकर्ता गहराई से समझे और अपने अपने बुथपर अपना कोई भी मतदाता सुची मे शामील होने से बच नही जाए इसकी चिंता करें। यहा पर आपेन कार्यकर्ताओं से फिडबेग लिया और उन्हे शतप्रतिशत करार्य करने हेतु प्रेरित भी किया।

संभाग प्रभारी सुरेन्द्र जी शर्मा जी ने स्व.परमानंद गोंविंदजीवाला ऑडीटोरियम इंदिरा कॉलोनी बुरहानपुर में आयोजीत जिला बैठक एवं मंडल के पदाधिकारीयों एवं भाजपा नेताओं से भी चर्चा करते हुवें उन्हे मार्गदर्शन दिया। इस अवसर पर आपने एसआईआर की बारीकियो से अवगत कराते हुवें कहा कि भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एसआईआर कार्य को प्राथमिकता

ग्राम लोनी में बूथ, ऑडीटोरियम में जिला एवं मंडल पदाधिकारियों, कौर कमेटी की बैठक में दिए सुझाव

से करें । उन्होने बुरहानुपर एवं नेपानगर विधानसभा क्षेत्र में एसआईआर को लेकर बुथ लेबल तक ली गई बैठको की जानकारी प्राप्त करते हुवें विस्ता पुर्वक जानकारी प्रदान की। बैठक को भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने,सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस,नेपानगर विधायक मंजु दादु ने भी संबोधित करते हुवें एसआईआर को लेकर किए गए कार्यो का ब्यौरा दिया एवं बुथ लेबल पर विधानसभावार बैठक आयोजीत करने की बात कही। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री चिंतामन महाजन ने किया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष सुरेन्द्र जी शर्मा जी ने स्थानिय सर्किट हाउस में कौर कमेटी की बैठक लेकर जिले में भारतीय जनता पार्टी को मजबुत करने एवं आगामी कार्यकमों को लेकर चर्चा करते हुवें महत्वपुर्ण सुझाव एवं निर्देश भी दिए। आप भाजपा नेता श्री डॉ.मनोज अग्रवाल जी के पिताजी एवं श्री शांतीलाल चौहान जी की बहु के आसामायिक निधन पर उनके निवास स्थान पर पहुचकर शोक व्यक्त किया।

भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं संभाग प्रभारी सुरेन्द्र जी शर्मा सायं सांसद खेल महोत्सव 2025 जिला बुरहानुपर में मुख्य अतिथि के रूप में शामील हुवे ,इसका शुभारम्भ भी किया। इस अवसर पर सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,पूर्व मंत्री एवं भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने, पुर्व केबनेट मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस,नेपानगर विधायक मंजु दादु , गजेन्द्र पाटील, अधिवक्ता आदित्य प्रजापती सहित भाजपा नेता उपस्थित थे।

उपरोक्त जानकारी देते हुवें भाजपा जिला सह मिडिया प्रभारी राकेश कुमार पुर्वे ने बताया कि इस व्यस्त कार्यक्रम दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. मनोज माने,सांसद ज्ञानेश्वर पाटील,पूर्व मंत्री एवं विधायक श्रीमती अर्चना चिटनिस,नेपानगर विधायक मंजु दादु,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल, पूर्व विधायक सुमित्रा कास्टीकर,भाजपा जिला महामंत्री चितांमण महाजन, राहुल जाधव सुभानसिंह चौहान ,पुर्व महापौर अतुल पटेल, शाहपुर नगर परिषद अध्यक्ष वीरेंद्र तिवारी,जनपद अध्यक्ष प्रदीप पाटील,पिछडा वर्ग अध्यक्ष सुनिल वाद्ये,अजा मोर्चा अध्यक्ष ई श्वर चौहान, मंडल अध्यक्ष अक्षय मोरे, चिंटू राठौर, अमोल भगत, योगेश महाजन,विट्ठल काका सहित भाजपा नेता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

एसआईआर फॉर्म पर पूरी जानकारी व नाम भरें

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। जिला कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी बुरहानपुर हर्ष सिंह के निर्देशानुसार डिस्ट्रिक्ट आइकोन महेंद्र जैन ने एसआई आर विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत जन जन में जागरूकता हेतु संबोधित करते हुए आदर्श विद्यापीठ उ.मा.विद्यालय नया मोहल्ला,शासकीय सावित्री बाई फुले कन्या शाला बुरहानपुर,सेंट टेरेसा उ.मा. विद्यालय बुरहानपुर एवं सेंट जेवियर्स उम्मा विद्यालय जैनाबाद में इस देश की उन युवाओ को एसआईआर के बारे में जानकारी देकर यह बताया की वर्तमान में ैस् विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान मतदाता सूचि के अंतर्गत अपने घर के प्रत्येक मतदाता को आप यह कहे की मतदाता सूचि के अंतर्गत फॉर्म भरकर अपना नाम दर्ज कराए स जिससे की भारत निर्वाचन आयोग की जो मंशा है की चुनाव प्रक्रिया में वही मतदान का पात्रधारी हो जो इस भारत देश का नागरिक हो। इस अवसर पर आदर्श विद्यापीठ प्राचार्य साधना शाह, सावित्री बाई फुले कन्या शाला वरिष्ठ शिक्षक संजय राउत, सेंट टेरेसा शाला प्राचार्य मोनी ग्रेस ,मेनेजर फिलिप फादर एसेंट जेवियस की प्राचार्या के साथ साथ बहुत बड़ी संख्या में मतदाताओ के परिवारों की युवा पीढ़ी इस अवसर पर मौजूद थी ।

मरीजों के उपचार और नि :शुल्क दवाइयों से लेकर बीमारी पर दे रहे सुझाव

नवभारत न्यूज

बुरहानुपर। मध्य भारत के सबसे बड़े मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल ऑल इज़ वेल बुरहानपुर एवं श्री राजकुमार दयाराम पटेल एवं मित्रमंडल के सहयोग से रंग भवन मैदान धारणी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 160 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ.निखिल थरकड़े ;मूत्र रोग विशेषज्ञ ,डॉ.अकरम खान जनरल मेडिसिन विभाग, डॉ. इल्का स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के द्वारा इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। सभी मरीजों को मौसमी विकारों से बचने एवं सुरक्षित रखने की सलाह दी। सभी मरीजों का नि:शुल्क जनरल चेकअप,ब्लड प्रेशर एवं ब्लड शुगर की जाँच की गई। इसी प्रकार ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल बुरहानपुर द्वारा 22 नवम्बर शनिवार को मोहमदी मंज़िल,दरगाह ए हकीमी बुरहानपुर में नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 55 से अधिक मरीजों ने स्वास्थ्य लाभ उठाया। शिविर में ऑल इज़ वेल हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. दिव्येश लाड एम.डी.मेडिसिन विभाग डॉ.अकरम खान अस्थि रोग विभाग एवं कु श्रुति द्विवेदी नेत्र रोग विभाग के द्वारा नि:शुल्क परामर्श एवं इस मौसम में होने वाली स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का परामर्श दिया गया। शिविर में नेपानगर विधायक मंजू दादू,नपा उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, शिवाचार्यगण भी उपस्थित रहे।

बसंत सेनू पवार, माणिक कन्हेर,बंसीलाल सोनवने भोपाल,अश्विन पवार,विश्वनाथ हटकर, तुकाराम भोईटे, दीपक वाणी, भूषण कन्हेर, रामचंद्र मगरे, राजू हटकर द्वारा दी गई।

पीएम श्री शासकीय विद्यालय में शालेय वार्षिक प्रदर्शनी सक्षम का आयोजित

विद्यार्थियों ने प्राचार्य, शिक्षकों का बीपी, शुगर टेस्ट किया

नवभारत न्यूज,

नेपानगर । बुरहानपुर जिले के नेपानगर में स्थित पीएम श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को शालेय वार्षिक प्रदर्शनी सक्षम का आयोजन किया गया। खास बात यह रही कि यहां विद्यार्थियों ने न सिर्फएक से बढ़कर एक मॉडल बनाए बल्कि प्रदर्शनी के दौरान ही हेल्थ एंड केयर के विद्यार्थियों ने एक शिविर भी लगाया जिसमें उन्होंने प्राचायो, शिक्षकों का शुगर, बीपी भी चेक किया।

इस दौरान अतिथि के बतौर प्राचार्य राजेश तकझरे,स्वर्णा खर्चे, प्रोफेसर संजीव सपकाले, डॉ मयाराम चौहान,योहन परिहार, डॉ राजेंद्र सिसौदिया और भातखेड़ा स्कूल की प्रभारी प्राचार्य संगीता कानफाड़े अतिथि के बतौर यहां पहुंचे। विभिन्न संकायों के विद्यार्थियों ने अलग अलग मॉडल बनाए। विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए मॉडल की अतिथियों ने सराहना की।

विद्यार्थियों ने कुल 130 मॉडल बनाए : प्रदर्शनी में विज्ञान संकाय के 30, गणित संकाय के 20, इतिहास के 30, राजनीति शास्त्र के 30, भाषाओं के 20 अलग अलग मॉडल व पोस्टर तैयार किए गए ,जिसकी सभी ने काफी सराहना की। इसमें नई पुरानी तकनीक से उपयोगिता का महत्व बताया गया। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक मॉडल बनाए। अतिथियों ने प्रत्येक स्टाल पर पहुंचकर उनसे जानकारी हासिल की। 130 मॉडल में अलग अलग प्रकार की जानकारी से विद्यार्थियों ने अवगत कराया।

पहली बार किसी शिविर में बच्चों ने जांचा स्वास्थ्य : प्रदर्शनी में हेल्थ एंड केयर के विद्यार्थियों ने हाइट नापनाए वजन गिनना, ऑक्सीजन लेवल और पल्स लेवल जांच, शुगर, बीपी जांचने की व्यवस्था की। इसकी न सिर्फशिक्षक, प्राचार्यों ने प्रशंसा की,बल्कि खुद जांच भी कराई। ऐसा पहली बार हुआ कि इस तरह की प्रदर्शनी में बच्चों ने शिक्षकए प्राचार्यों आदि की जांच की हो। इस दौरान पीएम श्री स्कूल प्राचार्य अरूण महाजन सहित स्टाफ मौजूद रहा।

वीरभद्र जन्मोत्सव पर निकली कलश यात्रा

नवभारत न्यूज

नेपानगर। श्री वीरभद्र मंदिर वेल्फेयर सेंटर एरिया नेपानगर द्वारा आयोजित अखंड शिवनाम जापए कलश यात्रा, रुद्राभिषेक व महाप्रसाद भंडारा का कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में नेपानगर विधायक मंजू दादू,नपा उपाध्यक्ष सरला प्रवीण काटकर, शिवाचार्यगण भी उपस्थित रहे।

बसंत सेनू पवार, माणिक कन्हेर,बंसीलाल सोनवने भोपाल,अश्विन पवार,विश्वनाथ हटकर, तुकाराम भोईटे, दीपक वाणी, भूषण कन्हेर, रामचंद्र मगरे, राजू हटकर द्वारा दी गई।

गुमशुदा बालिका को सकुशल परिवार के सुपुर्द किया

गुमशुदा बालिका को देखकर परिवार के चेहरे पर आई खुशी

नवभारत न्यूज

बुरहानुपर। पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पाटीदार के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह,कनेश एसडीओपी नेपानगर निर्भय सिंह अलावा के मार्गदर्शन में महिला सुरक्षा हेतु निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में महिला सम्मान सुरक्षा एवं स्वतन्त्रता हेतु जारी ऑपरेशन मुस्कान अभियान अंतर्गत समस्त थाना /चौकी द्वारा गुम बालक/ बालिकाओं, महिलाओं की दस्तयाबी की प्रभावी कार्यवाही की जा रही है जिसमें बुरहानपुर पुलिस द्वारा गुम बालिकाओं/ महिलाओं को साइबर सेल एवं मुखबिर तंत्र से पता कर राज्य से एवं राज्य के बाहर के शहरों से दस्तयाब कर परिवार के सुपुर्द किया जा रहा है।

घटना दिनांक 29/09/25 को फरियादी द्वारा रिपोर्ट किया कि उसकी नाबालिक पुत्री उम्र 13 साल की दिनांक 24/09/25 को घर से बिना बताये कही चली गई है । उसे कोई अज्ञात व्यक्ती बहला फुसलाकर ले गया है जिसकी रिपोर्ट पर उपरोक्त अपराध धारा 137;2 बीएनएस का कायम कर विवेचना मे लिया गया। थाना प्रभारी नेपानगर जानू जायसवाल द्वारा टीम गठित कर टीमों के सतत प्रयास से एवं साइबर सेल की मदद से गुमशुदा बालिका की तलाश कर दिनांक 21/11/25 को ग्राम हिवरखेड जिला बुलढाना महाराष्ट्र से गुमशुदा को तलाश कर शकुशल परिजनो के सुपुर्द किया गया ।

सराहनीय भूमिका : निरीक्षक ज्ञानू जायसवाल थाना प्रभारी नेपानगर, उपनिरीक्षक कलीराम मौर्य नेपानगर, सउनि दुर्गा प्रसाद पाल, आरक्षक लालसिंग, गजेन्द्र, ललीत सायबर सेल बुरहानपुर की सरहानीय भुमिका रही ।

एक नजर

सांसद खेल महोत्सव 2025 : खेलों के महाकुंभ का शानदार आगाज

खेल प्रतिभाओं को गांव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने का अभियान है खेल महाकुंभ

नवभारत न्यूज

बुरहानपुर। जिले के सांसद खेल महोत्सव 2025 का बुरहानपुर के नेहरू स्टेडियम ग्राउंड में शनिवार शाम को आतिशबाजी और तालियों की गड़गड़ाहट के बीच भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष व निमाड़ संभाग के संगठन संभागीय प्रभारी सुरेंद्र शर्मा,सांसद ज्ञानेश्वर पाटील सहित जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थित में रंगारंग शुभारंभ हुआ । विद्यार्थियों ने शानदार सांस्कृतिक प्रस्तुति दी।

इस अवसर पर सुरेंद्र शर्मा ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव खेल प्रतिभाओं को गाँव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का बड़ा अभियान है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य फिट इंडिया.स्पोर्ट्स इंडिया. स्ट्रॉन्ग इंडिया के संदेश को गाँव.गाँव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है।

विभिन्न खेल स्पर्धाएं होंगी : खेल महोत्सव के अंतर्गत गांव और स्कूलों से लेकर आंगनवाड़ियों तक में विभिन्न खेल गतिविधियां होंगी। ऑनलाइन पंजीयन हुए हैं। इसी के साथ ऑफ्लाइन पंजीयन भी किये जा रहे हैं। क्रिकेट, फुटबॉल,खो .खो, कबड्डी,कुश्ती ,शतरंज, बड़ी रेस, छोटी रेस,टेबल टेनिस,बैडमिंटन, स्केटिंग, वॉलीबॉल सहित अन्य कई खेल स्पधा,कराई जाएंगी। खेल महोत्सव को लेकर प्रतिभागियों में खासा उत्साह हैं।

नेपानगर विधायक ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व व मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव के मार्गदर्शन में खेलों को गांव.गांव तक पहुंचाने का प्रयास जारी है। उन्होंने कहा कि खेल एक स्पिरिट हैएअनुशासन है,संस्कृति है और एक जीवनशैली है। खेल में कोई हारता नहीं,या तो जीतता है या सीखता है।

यह रहे मौजूद : पूर्व विधायक रामदास शिवहरे, पूर्व महापौर अतुल पटेल,सीएसपी गौरव पाटील,भाजपा युवा नेता गजेंद्र पाटील,खेल महोत्सव के लोकसभा प्रभारी श्री जितेंद्र सुराणा,रविंद्र सिंह खरबंदा,भाजपा के जन प्रतिनिधिगण, कार्यकर्तागण, पदाधिकारीगण ,खिलाड़ी एवं गण्यमान्य जन आदि मौजूद रहे।

पीएम मोदी के नेतृत्व में खेलों में आगे बढ़ रहा है देश : सांसद पाटील

सांसद ज्ञानेश्वर पाटील ने कहा कि प्रधानमंत्र नरेन्द्र मोदी जी कल्पनाशील हैं। उनके कुशल नेतृत्व में देश खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है। देश में सांसद खेल महोत्सव का आयोजन करना उन्हीं की ही सोच है। मुझे पूरा विश्वास है कि खंडवा संसदीय क्षेत्र के खिलाड़ी आने वाले समय मे अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से राष्ट्रीय, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर परचम लहराएंगे। यह सांसद खेल महोत्सव खिलाड़ियों को तराशने का माध्यम बनेगाऔर नई प्रतिभाओं की पहचान करने और उन्हें उत्कृष्टता की ओर प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, साथ ही युवा खिलाड़ियों को अनुशासन, मिलकर काम करने और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का एक मंच प्रदान करता है।

बुरहानपुर विधायक श्रीमती अर्चना चिटनीस,भाजपा जिला अध्यक्ष डॉ मनोज माने,महापौर श्रीमती माधुरी अतुल पटेल,एसपी देवेंद्र पाटीदार सहित जनप्रतिनिधियों ने भी संबोधित करते हुए प्रतिभागी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। स्वागत उद्बोधन बुरहानपुर विधानसभा खेल प्रभारी आदित्य प्रजापति और आभार नेपानगर विधानसभा प्रभारी सुनील वाघे ने माना।